# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 11.10.2024

### नगर में लगेंगी 500 सोलर स्ट्रीट लाइट, 100 हाईमास्ट

जागरण संवाददाता, वाराणसी : काशी को सोलर सिटी बनाने के लिए जहां हर घर सूर्य घर योजना चल रही है। सड़क पर प्रकाश व्यवस्था भी सोलर ऊर्जा से की जा रही है। इसी क्रम में नगर में 500 सोलर स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लगाया जाएगा।

नेडा के परियोजना अधिकारी पीपी सिंह ने बताया कि काशी को सोलर सिटी बनाने के लिए हर तरह से प्रयास किया जा रहा है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनपद में करीब 10,000 घरों पर सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में 200 स्मार्ट लाइट अंधरापुल से कचहरी और चौकाघाट रोड पर लगाई जा रही है। इसके साथ ही 500 स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी। इसी प्रकार सभी 100 वार्डों में सोलर हाई मास्क लगाया जाएगा। इसके लिए वार्ड के पार्षद स्थान चिह्नित कर नेडा को बताएंगे।

## दैनिक जागरण–दि0 11.10.2024

### गोदौलिया–मैदागिन मार्ग पर जा सकेगी बाइक

**क्षेत्रीयजन की परेशानियों को देखते हुए दी राहत, तीन व चार पहिया वाहनों पर पूरी तरह से रोक**

जागरण संवाददाता, वाराणसी : नो व्हीकल जोन बनाए गए गोदौलिया-मैदागिन मार्ग पर बाइक सवार जा सकेंगे। क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परेशानियों को देखते हुए यह राहत दी गई है। तीन व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर लागू की गई व्यवस्था का स्थानीय थानों की पुलिस कड़ाई से पालन करा रही है।

गुरुवार को मैदागिन पर लगाई बैरिकेडिंग पर और सख्ती रही। किसी तरह के तीन व चार पहिया वाहनों को गोदौलिया की तरफ नहीं जाने दिया। इस मार्ग पर चलने वाले रिक्शा को भी हटा दिया गया। दर्शन पूजन के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर जाने वालों के वाहनों को मैदागिन पार्किंग की तरफ भेजा गया।

चौराहे के ईर्द-गिर्द भी वाहनों की भीड़ नहीं लगने दी जा रही थी। ऐसी ही सख्ती गोदौलिया की तरफ भी रही। पुलिसकर्मी बाइक के अलावा किसी भी वाहन को मैदागिन की ओर जाने नहीं दे रहे थे। इस व्यवस्था से दर्शनार्थियों को थोड़ा पैदल जरूर चलना पड़ा लेकिन वाहनों के कारण लगने वाले जाम की समस्या से उनका सामना नहीं हुआ।

दुकानदारों को भी काफी राहत मिली। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर गोदौलिया-मैदागिन मार्ग को बुधवार से नो व्हीकल जोन बनाया गया है। इसमें किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं थी। क्षेत्र में रहने वाले लोगों के निवास प्रमाण पत्र की जांच के बाद उन्हें जाने देने की योजना थी। इससे होने वाली परेशानी का हवाला देते हुए क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस कमिश्नर से छूट देने की गुहार लगाई। इसे संज्ञान लेते हुए बाइक जाने की अनुमति दी गई। नो व्हीकल जोन की व्यवस्था का पालन कराने के लिए एसीपी दशाश्वमेध प्रज्ञा पाठक लगातार चक्रमण करती रहीं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग, वृद्ध, बीमार, गर्भवती महिला व पैदल चलने में अक्षम लोगों के लिए ई-रिक्शा की सुविधा भी शुरू कर दी गई है।



नो व्हीकल जोन व्यवस्था का पालन कराने के लिए एसीपी दशाश्वमेध प्रज्ञा पाठक चक्रमण करती हुईं • जागरण

**नो व्हीकल जोन किए जाने से व्यापारियों में आक्रोश**

जासं, वाराणसी : त्योहारों के मद्देनजर मैदागिन-गोदौलिया मार्ग को नो व्हीकल जोन किए जाने के खिलाफ व्यापारियों ने गुरुवार को चौक क्षेत्र में बैठक कर आक्रोश जताया। नई व्यवस्था तत्काल वापस लेने की मांग की। चेताया कि उनकी यह मांगें नहीं मानी गईं तो व्यापारी आर-पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे। व्यापारियों ने कहा कि अधिकारी मनमाना रवैये अपनाते हुए इस क्षेत्र के व्यापार को समाप्त करने पर तुले हैं। क्षेत्र में बनारसी साड़ी, सराफा, स्टेशनरी, थोक वस्त्र, इलेक्ट्रानिक सामान, कास्मेटिक, बर्तन, खोवा आदि का थोक व फुटकर कारोबार होता है। पूर्वांचल भर से बड़ी संख्या में व्यापारी आते हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शनार्थियों की भीड़ व वाहनों को नियंत्रित करने के बजाय प्रशासन नो व्हीकल जोन कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना चाहता है। राजन बहल, पवन मोदी, मदन मोहन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रविशंकर सिंह आदि थे।

दैनिक जागरण–दि0 11.10.2024

## वीडीए के जोनल अधिकारी को दिया प्रशस्ति पत्र

**वाराणसी :** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने गुरुवार को मानचित्र दिवस और आइजीआरएस की समीक्षा बैठक की। जोनवार समीक्षा में बेहतर काम करने वाले जोनल अधिकारी और अवर अभियंता को प्रशस्ति पत्र दिया। वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सितंबर माह में जोन एक ने एक करोड़ 86 लाख 36373 शमन शुल्क प्राप्त करने के साथ 11 मानचित्र स्वीकृत कराए। जोन दो ने 77 लाख 39474 रुपये शमन शुल्क और 15 मानचित्र, जोन तीन ने 86 लाख 44719 रुपये शमन शुल्क और आठ मानचित्र, जोन चार ने 89 लाख 38909 रुपये शमन शुल्क और सात मानचित्र और जोन पांच ने 34 लाख 68870 रुपये और छह मानचित्र स्वीकृत कराए। जोन एक के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश को प्रथम, जोन दो के जोनल अधिकारी संजीव कुमार को दूसरे स्थान पर रहे। (जासं)

दैनिक जागरण–दि0 11.10.2024

## वीडीए ने डूब क्षेत्र में सील किए पांच अवैध निर्माण

**वाराणसी :** वरुणा नदी के किनारे डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि नदी से 50 मीटर के दायरे में डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ चौथे दिन कार्रवाई में पांच अवैध निर्माण सील किए गए। जैतपुरा वार्ड के मिल्लत नगर, धोबीघाट पर अज्ञात द्वारा भूतल, पास में सरताज और शकील अवैध निर्माण कर रहे थे। तीनों निर्माण सील कर जैतपुरा पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। आदमपुर वार्ड में अमरपुर, मडिहा के पास सुभाष जायसवाल तीन मंजिल और पुरानापुल के पास एक अज्ञात द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। (जासं)

## अमर उजाला–दि0 11.10.2024

### वरुणा ग्रीन बेल्ट में पांच निर्माण सील

**वाराणसी।** वरुणा नदी के ग्रीन बेल्ट के 5 अवैध निर्माणों को वीडीए ने सील किया। जोनल अधिकारी संजीव कुमार की अगुवाई में बृहस्पतिवार को आवासीय और व्यवसायिक भवनों का निरीक्षण किया गया। इनमें जैतपुरा वार्ड के मिल्लत नगर,धोबीघाट में 30 वर्ग मीटर में भूतल का अवैध निर्माण सील किया। यहीं पर सरताज के 70 वर्गमीटर भूतल व बाउंड्रीवाल के अवैध निर्माण को सील किया। शकील के 45 वर्गमीटर बाउंड्रीवाल के अवैध निर्माण को सील किया। आदमपुर वार्ड के अमरपुर, मढिहा,निकट पुराना पुल के सुभाष जायसवाल के 75 वर्गमीटर जी प्लस टू के अवैध निर्माण को सील किया गया। ब्यूरो

### अवैध निर्माण पर सुपरवाइजर होंगे जिम्मेदार

**वाराणसी।** वीडीए में बृहस्पतिवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मानचित्र और आईजीआरएस की समीक्षा की। आईजीआरएस में वीडीए की पिछली रैंकिंग पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस की समीक्षा प्रतिदिन की जाए। 05 दिन पूर्व विस्तृत आख्या दी जाए। सचिव एवं अपर सचिव को जिम्मेदारी दी कि वह सभी जोन के सुपरवाइजर का कार्य क्षेत्र निर्धारित करें। यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाते हैं तो वह सुपरवाइजर की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सचिव एवं अपर सचिव के अनुमोदन के बिना किसी भी सुपरवाइजर का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 11.10.2024

### कंप्यूटर और लैपटॉप दिए

**वाराणसी।** ई ऑफिस, ई फाइल, ई रिसीट कार्य में वीडीए को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकितं गर्ग ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को कंप्यूटर, लैपटॉप, स्कैनर आदि का वितरण किया। इससे जहां समय की बचत होगी, वहीं काम में पारदर्शिता आएगी। ब्यूरो

**प्रशस्ति पत्र दिया :** वीडीए उपाध्यक्ष की ओर से जोन वन में सर्वाधिक शमन शुल्क जमा कराने पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव, अवर अभियंता अतुल मिश्रा को, सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने पर जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जे पी गुप्ता को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

हिन्दुस्तान–दि0 11.10.2024

बोले वीडीए उपाध्यक्ष

## प्रावधानों के तहत निर्माण की अनुमति



वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि वीडीए प्रशासन भवन निर्माण की अनुमति प्रावधानों के तहत ही देता है। मानचित्र स्वीकृति के लिए अब प्रक्रिया को बहुत सरल और पारदर्शी किया गया है। लेकिन जो क्षेत्र एचएफएल में हैं उनके लिए प्रावधान अलग होते हैं। वीडीए प्रशासन ने विभिन्न कार्यों के लिए हेल्प डेस्क बनाई है, जहां इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

हिन्दुस्तान–दि0 11.10.2024

"वीडीए को अवैध निर्माण पर अंकुश लगाना चाहिए। आमलोगों को राहत के लिए एचएफएल की बाध्यता खत्म होनी चाहिए।



अमरजीत सिंह

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 11.10.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज संपत्ति अनुभाग के लंबित रजिस्ट्री के प्रकरण की पटल सहायकवार समीक्षा की गई। समीक्षा में यह पाया गया कि 103 प्रकरण ऐसे हैं, जिनमे आवंटियों द्वारा पूर्ण भुगतान कर दिया गया है, किंतु अभी तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हुयी है। सचिव द्वारा सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि अपनी योजनाओं मे जो भी संपत्तियां रजिस्ट्री हेतु लंबित है, एक सप्ताह के अंदर पटल सहायक समस्त आवंटियों से स्वयं संपर्क करेंगे और उन्हें रजिस्ट्री के बारे में जानकारी देते हुए 15 दिन के अंदर समस्त रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए जो भी अभिलेख नियोजन अनुभाग और निर्माण अनुभाग से आवश्यक हो वह पत्राचार करके यथाशीघ्र प्राप्त कर ले। रजिस्ट्री की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह की जाएगी और रजिस्ट्री ना होने के लिए उत्तरदायी पटल सहायकों के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक के दौरान सम्पति अधिकारी राजीव जयसवाल व समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 11.10.2024

### दुर्गापूजा व दशहरा के बाबत सुरक्षा, सफाई व प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो सुनिश्चित : रविन्द्र जायसवाल स्टाम्प मंत्री

#### प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में सुदृढ़ होगी विद्युत व्यवस्था भारत सरकार ने 1300 करोड़ रुपए स्वीकृत किए

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जनपद की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने को लेकर सरकार अत्यंत गंभीर है। विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने हेतु भारत सरकार द्वारा 1300 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। उक्त के सम्बंध में तथा दुर्गापूजा, दशहरा एवं मूर्ति विसर्जन आदि को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक करते हुए मंत्री स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि स्वीकृत धनराशि का सदुपयोग करते हुए वाराणसी की विद्युत व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा व इस पर जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। इससे जहां जहां बांस बल्ली के सहारे विद्युत आपूर्ति हो रही है, से मुक्त होकर समुचित विद्युत पोलो से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। आवागमन में बाधक बने खंबे सड़कों से हटेंगे।



स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल की बैठक में मौजूद सीपी मोहित अग्रवाल, डीएम एस राजलिंगम, एमडी शंभू कुमार, वीडीए वीसी पुलकित गर्ग

मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने निर्देश दिया की पर्यटक स्थलों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विद्युत तार अंडर ग्राउंड किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि आमजन भी विद्युत आपूर्ति को बांस बल्ली से मुक्त करने हेतु स्वयं या क्षेत्रीय पार्षद/ जनप्रतिनिधि के माध्यम से विद्युत विभाग को सूचित कर सकता है। मंत्री ने प्रबंध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को ठोस कार्ययोजना बनाकर अविलंब कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान दशहरा, दुर्गापूजा, मूर्ति विसर्जन आदि के सम्बंध में निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान साफ सफाई का पर्याप्त प्रबंध रहे। मूर्ति विसर्जन स्थलों, तालाबों/ कुंडों की साफ सफाई तथा पानी का पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। टूटे फूटे रास्तों का तत्काल मरम्मत कर दिया जाय। प्रकाश की भी बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रहे. भीड़ भाड़ के दृष्टिगत सुरक्षा एवं ट्रैफिक का समुचित प्रबंध रहे इस अवसर पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस राजलिंगम , प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल शंभु कुमार, उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण पुलकित गर्ग, मुख्य अभियंता विद्युत तथा पी डब्ल्यू डी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 11.10.2024

### वीडीए ने ई-ऑफिस पर ई-फाइल/ई-रिसीट का व्यवहरण करने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**तरुणमित्र न्यूज**



**वाराणासी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण ने ई-ऑफिस पर ई-फाइल / ई-रिसीट का व्यवहरण करने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जहाँ सभी पत्रावली का संचालन पूर्ण रूप से ई आफिस के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने गुरुवार को विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को कम्पयूटर, लैपटाप, स्कैनर आदि का वितरण किया। ई-ऑफिस यह एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का एक माध्यम है तथा ई-ऑफिस की गति और दक्षता विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है। इससे सिस्टम के ज़रिये जहाँ सरकारी काम में वक्त की बचत होगी, वहीं सरकारी काम में पारदर्शिता आएगी।

## न्यायाधीश–दि0 11.10.2024

### वाविप्रा ने ई-ऑफिस पर ई- फाइल / ई-रिसीट का व्यवहरण करने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया



वाराणसी। वाविप्रा ने ई-ऑफिस पर ई- फाइल / ई-रिसीट का व्यवहरण करने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जहॉ सभी पत्रावली का संचालन पूर्ण रूप से ई आफिस के माध्यम से किया

महोदय द्वारा आज विभिन्न-विभागों के अधिकारिय व कर्मचारीयों को कम्पयूटर, लैपटाप, स्कैनर आदि का वितरण किया गया। ई-ऑफिस यह एक सरलीकृत, उत्तरदायी,प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का एक माध्यम है तथा ई-ऑफिस की गति और दक्षता विभागों को सूचित और त्वरित निणर्य लेने में सहायता करती है। इससे सिस्टम के ज़रिये जहाँ सरकारी काम में वक्त की बचत होगी, वहीं सरकारी काम

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 11.10.2024

# ज्ञानवापी परिसर के संपूर्ण एएसआई सर्वे पर आपत्ति

## 16 को होगी सुनवाई, वादी बता चुके है सर्वे अधूरा

वाराणसी। ज्ञानवापी से जुड़े 1991 के मूल विवाद में गुरुवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) युगल शंभू की अदालत में सुनवाई की तारीख 16 अक्टूबर तय की गई है। यह सुनवाई लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी द्वारा पूरे परिसर में अतिरिक्त एएसआई सर्वे की मांग पर आधारित है। इससे पहले 8 अक्टूबर को मुस्लिम पक्ष ने इस याचिका पर आपत्ति दर्ज कराई थी, जिस पर आज वाद मित्र अपना पक्ष पेश करेंगे।अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के वकीलों ने कोर्ट में अपनी बहस पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ज्ञानवापी परिसर का वजूखाना सील है औरएच ने पहले ही शपथ पत्र देकर कहा है कि परिसर की खुदाई से ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचेगा। कमेटी ने तर्क दिया कि यदि एएसआई को लगा होता कि जमीन के नीचे कुछ है, तो वह खुदाई की अनुमति के लिए जरूर कोर्ट से आग्रह करता।लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ की ओर से पेश वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी नेंएच सर्वे को अधूरा बताते हुए कहा कि इसमें विधिवत मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया गया और कई हिस्से सर्वे से छूट गए है। उनका दावा है कि इन क्षेत्रों में खुदाई से महत्वपूर्ण साक्षय मिल सकते है।मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने हिंदू पक्ष को अपना पक्ष रखने के लिए 16 अक्टूबर की तारीख तय की है।

# वाविप्रा में संपत्ति अनुभाग के लंबित रजिस्ट्री के प्रकरण की पटल सहायकवार समीक्षा की गई




वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर को संपत्ति अनुभाग के लंबित रजिस्ट्री के प्रकरण की पटल सहायकवार समीक्षा की गई। इसमीक्षा में यह पाया गया कि 103 प्रकरण ऐसे है, जिनमे आवंटियो द्वारा पूर्ण भुगतान कर दिया गया है, किंतु अभी तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हुयी है। सचिव महोदय द्वारा सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि अपनी योजनाओं मे जो भी संपत्तियां रजिस्ट्री हेतु लंबित है, एक सप्ताह के अंदर पटल सहायक समस्त आवंटियो से स्वयं संपर्क करेंगे और उन्हें रजिस्ट्री के बारे में जानकारी देते हुए 15 दिन के अंदर समस्त रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करेंगे।इ इसके लिए जो भी अभिलेख नियोजन अनुभाग और निर्माण अनुभाग से आवश्यक हो वह पत्राचार करके यथाशीघ्र प्राप्त कर ले। इरजिस्ट्री की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह की जाएगी और रजिस्ट्री ना होने के लिए उत्तरदायी पटल सहायकों के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई भी की जाएगी।इ बैठक के दौरान सम्पत्ति अधिकारी राजीव जयसवाल व समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## न्यायाधीश–दि0 11.10.2024

### वाविप्रा में मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा व आई0जी0आर0एस0 के सम्बन्ध में बैठक आयोजित



वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा व आई0जी0आर0एस0 के सम्बन्ध में बैठक की गयी । ज़ोनवार माह सितम्बर में जमा शमन शुल्क व मानचित्र स्वीकृत का विवरण निम्न है -जोन-1 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 1 करोड़ 86 लाख 36 हजार 373 तथा कुल 11 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।जोन-2 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 77 लाख 39 हजार 474 रुपए तथा कुल 15 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।जोन- 3 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 86 लाख 44 हजार 719 रुपए तथा कुल 08 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।जोन- 4 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 89 लाख 38 हजार 909 रुपए तथा कुल 07 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।जोन-5 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 34 लाख 68 हजार 870 रुपए तथा कुल 06 मानचित्र स्वीकृत किये गये । उक्त विवरण के अनुसार जोन-1 द्वारा सर्वाधिक शमन शुल्क जमा कराने एव जोनल अधिकारी सिंह गौरव अवर अभियंता अतुल मिश्रा जोन-2 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराये जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार अवर अभियंता जे पी गुप्ता उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके कार्य की सराहना भी की गयी बैठक के दौरान सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा , नगर नियोजक प्रभात कुमार व सभी जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।

## न्यायाधीश–दि0 11.10.2024

### वरुणा नदी ग्रीन बेल्ट में लगातार चौथे दिन भी की गई सील की कार्यवाही



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देश के क्रम में जोनल अधिकारी जोन-2 श्री संजीव कुमार व प्रवर्तन टीम के साथ वरुणा नदी के 50 मीटर ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में एवं इसके समीपस्थ निर्माणाधीन आवासीय/व्यावसायिक भवनों का निरीक्षण किया गया। उक्त क्षेत्र में कुल 05 अवैध निर्माणों के विरुद्ध जोनल अधिकारी द्वारा मौके पर सील की कार्यवाही की गयी ट वरुणा नदी के ग्रीन बेल्ट में जोन-2 में 05 अवैध निर्माणों को सील कराया गया।सील बंद कराये गये निर्माणों का विवरण निम्नवत हैः जोन-2 के वार्ड-जैतपुरा, मौजा- मिल्लत नगर,धोबीघाट के अंतर्गत अज्ञात द्वारा 30 वर्ग मीटर में भूतल का अवैध निर्माण किये जाने पर स्थल को सील किया गया।जोन-2 के वार्ड-जैतपुरा,मौजा-मिल्लत नगर, धोबीघाट के अंतर्गत श्री सरताज द्वारा 70 वर्गमीटर भूतल व बाउंड्रीवाल के अवैध निर्माण को सील किया गया।ड3. जोन-2 के वार्ड-जैतपुरा,मौजा-मिल्लत नगर, धोबीघाट के अंतर्गत शकील पुत्र मो0 इब्राहीम शकील पुत्र इब्राहीम द्वारा 45 वर्गमीटर बाउंड्रीवाल के अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-2 के वार्ड-आदमपुर,मौजा-अमरपुर, मढ़िहा,निकट पुराना पुल के अंतर्गत सुभाष जयसवाल द्वारा 75 वर्गमीटर ज्ञ2 के अवैध निर्माण को सील की कार्यवाही की गयी।जोन-2 के वार्ड- आदमपुर,मौजा-अमरपुर, मढ़िहा,निकट पुराना पुल के अंतर्गत पंडित जी द्वारा 10 वर्ग मीटर भूतल पर दीवाल एवं कालम के अवैध निर्माण को सील किया गया ।


# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


परफेक्ट मिशन–दि0 11.10.2024

## वीडीए ने ई- फाइल व ई-रिसीट के व्यवहरण में प्रदेश में पाया प्रथम स्थान



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण ने ई–ऑफिस पर ई– फाइल / ई–रिसीट का व्यवहरण करने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जहाँ सभी पत्रावली का संचालन पूर्ण रूप से ई आफिस के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में उपाध्यक्ष द्वारा गुरुवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारीयों को कम्पयूटर, लैपटाप, स्कैनर आदि का वितरण किया गया। ई–ऑफिस यह एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का एक माध्यम है तथा ई–ऑफिस की गति और दक्षता विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है।

इससे सिस्टम के ज़रिये जहाँ सरकारी काम में वक्त की बचत होगी, वहीं सरकारी काम में पारदर्शिता आएगी।